# रास्ते से भैंस निकालने पर मारी गोली

## मामूली विवाद ने ले लिया हिंसक रूप, चार लोगों ने किया हमला

**ग्वालियर, 11 अगस्त. भितरवार के करियावटी गांव में रास्ते से भैंस निकालने के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. इसके चलते सोमवार को चार लोगों ने मिलकर एक वृद्ध पर जानलेवा हमला कर दिया. हमलावरों ने गोली भी चलाई, जिसमें एक गोली वृद्ध के पेट में जा लगी. घायल को गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर किया गया है. पुलिस ने इस मामले में 4 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.**

जानकारी के मुताबिक करियावटी के चट शीतलपुर निवासी देवी सिंह बघेल और उनके पड़ोसी सुनील बघेल के बीच रास्ते से भैंस निकालने को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था. रविवार की रात भी इसी बात पर विवाद हुआ था, जिसके बाद पुलिस की डायल 100 देवी सिंह को थाने ले गई थी. सोमवार को जब देवी सिंह मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहे थे, तभी करियावटी के पास केंद्र बघेल, नवाब सिंह बघेल, रामबरन सिंह बघेल और सुनील बघेल ने उन्हें घेर लिया. आरोपियों ने एकराय होकर देवी सिंह पर लाठियों से हमला किया और गोली चला दी. बंदूक से निकली एक गोली देवी सिंह के पेट में जा लगी. वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए.

### शराबी बेटे ने पिता को बेल्ट-डंडों से पीटा



भिंड. अटेर रोड देहात थाना क्षेत्र में एक शराबी बेटे ने अपने 76 वर्षीय बुजुर्ग पिता की बेरहमी से पिटाई कर दी. घटना देर रात की है. गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि आरोपी बेटा घटना के बाद फरार हो गया. अटेर रोड निवासी राहुल जैन ने नशे की हालत में पहले बुजुर्ग पिता हीरामन जैन (76) से विवाद किया. इसके बाद उसने अपने पिता पर बेल्ट और डंडों से हमला कर दिया. इस दौरान उसने सिर, हाथ, पीठ और पैरों पर कई वार किए जिससे हीरामन गंभीर घायल हो गए. इसके बाद आरोपी घायल पिता को कमरे में बंद कर मौके से फरार हो गया. पीड़ित के रिश्तेदार सुभाष चंद्र जैन ने बताया कि उन्हें पड़ोसियों ने फोन पर घटना की सूचना दी. मौके पर पहुंचने पर हीरामन जैन को कमरे के अंदर गंभीर हालत में कराहते हुए पाया. स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं.

### बीमारियों से ग्रस्त बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**जबलपुर. माढोताल थाना क्षेत्र में बीमारियों से ग्रस्त बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.**

पुलिस ने बताया कि आज प्रदीप कुशवाहा 42 वर्ष निवासी करमेता ने सूचना दी कि वह 3 भाई हैं, उसके पिता जगदीश प्रसाद कुशवाहा 65 वर्ष अपने पेतृक मकान में उसके बड़े एवं छोटे भाई के साथ रहते है. पिता रोज सुबह लगभग 5 बजे टहलने जाते थे और लौट कर उसके यहां चाय पीकर जाते थे. आज सुबह चाय पीने घर नहीं आये तो उसने जाकर देखा तो पिता सीलिंग के कुंदे से फांसी लगाकर मृत अवस्था में लटके मिले. वह शुगर बीपी व लगभग 3 वर्ष से सिर दर्द की बीमारी से परेशान थे. सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया.

# मां-बाप को आजीवन कारावास

**दोनों ने मिलकर बच्चे को कुएं में फेंक दिया था**

**तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला**



**सिंगरौली, 11 अगस्त. सरई थाना क्षेत्र के निवास ग्राम के एक दम्पत्ति को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश देवसर विजय कुमार सोनकर के द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है. साथ ही आरोपियों पर पांच-पांच हजार रूपये का अर्थदण्ड भी लगाया गया है.**

परिवादी की ओर से अपर लोक अभियोजक मारकण्डेय मणि त्रिपाठी ने पैरवी किया था. अपर लोक अभियोजक मारकण्डेय मणि त्रिपाठी ने उक्त घटना का संक्षेप में विवरण देते हुये बताया कि 28 मार्च 2019 को थाना सरई में मृतक अबोध बालक अभि साहू 5 माह की मां फरियादी एवं राधा देवी पति रविकुमार साहू उम्र 18 वर्ष ने अपने पति के साथ निवास पुलिस चौकी पहुंच सूचना दर्ज कराई थी कि मैं करीब शाम 4 बजे घर के सामने राई पीट रही थी. पति घर के अंदर में सो रहे थे और बेटा अभि साहू दूसरे कमरे में चारपाई पर सो रहा है. इसी दौरान फरियादियां ने बताया कि अचानक चक्कर आने से बेहोस हो गई और जब होश आया तो देखा कि बच्चा चारपाई पर नही है. तलाश करने के बाद कुआं में बच्चे को तैरते हुये देखा गया, हल्ला गुहार करने पर पति दौड़कर आया और कुएं से बाहर निकालकर निवास अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सको ने अभि को मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने इस बिन्दु पर विवेचना करने लगी कि 5 महीने का अबोध बालक न तो करवट ले सकता है और न ही चल फिर सकता है. ऐसे में खूद से कुएं में गिरने का सवाल ही नही उठता है. पुलिस ने इसी आधार पर मामले की विवेचना आगे बढ़ाई. जहां चौकाने वाले तथ्य सामने आने लगे. अपर लोक अभियोजक के अनुसार विवेचना के दौरान जानकारी मिली कि पति-पत्नी में अनबन था और आरोप था कि अभि रवि का बेटा नहीं है, किसी और का है. जहां सुनियोजित तरीके से मृतक अबोध बालक अभि को उसी के मां-बाप राधा एवं रवि ने हत्या कर कुएं में फेंक दिया.

### ट्रेन से अवैध तस्करी एक आरोपी गिरफ्तार

**ग्वालियर, 11 अगस्त.** ट्रेन से शराब की तस्करी करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. तस्कर ट्रेन की जनरल बोगी में अनाज की बोरी में भरकर शराब ले जाता था और उसे मंहगे दामों में दतिया में बेचता था. पुलिस ने उसके कब्जे से 299 नग देशी शराब के पौवे बरामद किए हैं.दतिया धार्मिक स्थल होने के कारण वहां शराबबंदी होने से वहां इसकी बिक्री प्रतिबंधित हैं. आरपीएफ ने बताया कि सुबह पुलिस को सूचना मिली कि प्लेटफॉर्म नंबर एक के झांसी एंड पर एक संदिग्ध व्यक्ति है. इस सूचना पर आरपीएफ और डिटेक्टिव विंग ने दबिश दी गई.

# वृद्ध को बांस के सहारे एम्बुलेंस तक पहुंचाया

**बुजुर्ग पूरे रास्ते जोर-जोर से दर्द से कराहता रहा, गांव की सड़क है खराब**

**रीवा, 11 अगस्त, रीवा के गंगेव ब्लॉक के आलमगंज गांव में सोमवार को एक 90 वर्षीय व्यक्ति को बांस के सहारे उठा कर एम्बुलेंस तक पहुंचाया गया. इस दौरान बुजुर्ग पूरे रास्ते जोर-जोर से दर्द से कराहता रहा. बताया कि खराब सड़क के चलते घर तक एम्बुलेंस नहीं पहुंच पाई. जिस वजह से परिजनों को यह तरकीब अपनानी पड़ी.**

परिजनों के मुताबिक सुबह जमुना पाठक की तबीयत अचानक बिगड़ गई. एम्बुलेंस को बुलाया पर खराब सडक़ के चलते ड्राइवर ने एम्बुलेंस 2 किलोमीटर दूर ही खड़ा कर दी, जिसके बाद मरीज को बांस में लाद कर 2 किलोमीटर दूर एम्बुलेंस तक पहुंचाया गया.

बुजुर्ग मरीज को बड़ी असुविधा का सामना करना पड़ा. परिजनों को कार्डियक अटैक का डर बुजुर्ग के परिजन रमेश पाठक ने बताया कि चाचा जमुना की अचानक शुगर लो हो गई थी, बीपी भी एबनॉर्मल थी. अचानक दिक्कत बढ़ गई. जिसकी वजह से परिवार घबरा गया. जिन्हें किसी कदर बांस-बल्ली और फिर एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया. स्थानीय निवासी शिवानंद द्विवेदी ने बताया कि गांव की सडक़ें इतनी जर्जर हैं कि घुटनों तक कीचड़ वाले पानी से होकर निकलना पड़ता है. बीमार पीड़ित 90 वर्षीय बुजुर्ग जमुना पाठक हैं.

> खराब सडक़ पर चारों तरफ से चारपाई भी संभालना मुश्किल हो जाता है जमीन में पैर धंसने लगता है. इसलिए बांस बल्ली का सहारा ही लेना पड़ा. उधर पूरे मामले में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जांच के निर्देश दिए हैं. उन्होंने जनपद सीईओ को सडक़, उसकी गुणवत्ता और तमाम पहलुओं पर जांच के लिए कहा है.

# चाचा-भतीजे को कार से कुचलने का प्रयास

- ग्वालियर में कांवड़ विवाद ने लिया हिंसक रूप
- घटना का सीसीटीवी आया सामने

**ग्वालियर, 11 अगस्त. ग्वालियर में कांवड़ उठाने को लेकर शुरू हुआ झगड़ा खूनखराबे में बदल गया. आरोप है कि दो सफारी गाड़ियों में सवार हमलावरों ने चाचा-भतीजे को बुलेट पर जाते समय कई बार टक्कर मारी और फिर डंडों से बुरी तरह पीटा. हमले में भतीजा गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसे जेएएच ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है.**



पूरी वारदात कैमरे में कैद हो गई, जिसमें आरोपी लगातार टक्कर मारते और हमला करते दिख रहे हैं. पीड़ित अखिलेश राजपूत की शिकायत पर पुलिस ने सगे भाई राहुल, सौरभ सिंह और विकास राजपूत के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.

### सोरो से शुरू हुई रंजिश, ग्वालियर में उतारा गुस्सा

जानकारी के मुताबिक, विवाद की शुरुआत उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल सोरो में हुई थी. श्रावण माह में कांवड़ भरने गए दोनों पक्षों में वहां झगड़ा हो गया था. सभी आरोपी और पीड़ित एक ही गांव मिलावली के निवासी हैं. पुरानी छावनी के सैनिक होटल के पास आरोपियों ने बदला लेने के इरादे से यह हमला अंजाम दिया.

# खाद लेने पहुंचे तीन हजार किसान

## दमोह में पुलिस बल को करना पड़ी भारी मशक्कत

**दमोह, 11 अगस्त. जिले के तेंदूखेड़ा में खाद की पर्ची बांटने में पुलिस-प्रशासन को काफी मशक्कत करना पड़ी. बता दे की सोमवार प्रातः सुबह 9 बजे 600 लोगों को खाद वितरित होना था, लेकिन 600 की जगह 3000 किसान खाद लेने पहुंच गए.जहां पुलिस-प्रशासन को काफी मशक्कत करना पड़ी और शांतिपूर्ण तरीके से 2500 लोगों को व्यवस्थित टोकन बांटकर खाद वितरित किया जा रहा है.**



इस दौरान दमोह कलेक्टर कोचर और पुलिस अधीक्षक सोमवंशी के निर्देशन में पुलिस प्रशासन वहां पर मौजूद है और व्यवस्थित रूप से खाद्य वितरित करने में जुटा हुआ है. एसडीएम तेंदूखेड़ा सौरभ गंधर्व/जनपद पंचायत सीईओ मनीष बागरी ने बताया कि 9 बजे तक 2500 पर्ची बांटी गई है, जिन्हें आज ही खाद वितरित होगा और शेष 10 बजे के बाद पर्ची बांटी गई है, उन्हें मंगलवार को खाद मिलेगा. जिससे किसानों को परेशानी नहीं होगी. इस दौरान दमोह से डिप्टी कलेक्टर/एडीएम अविनाश रावत भी पहुंचे.

# शिक्षा विभाग के स्थापना लिपिकों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस

- सर्विस बुक की कॉपी कर्मचारी को उपलब्ध कराने के निर्देश

**खंडवा, 11 अगस्त. कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सभी विभागों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने अपने विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की सर्विस बुक की डुप्लीकेट कॉपी संबंधित कर्मचारी को उपलब्ध कराई जाए.**

कर्मचारियों के डीपीएफ अकाउंट से संबंधित जानकारी पासबुक के माध्यम से उन्हें नियमित रूप से अपडेट कर बताई जाए. उन्होंने चतुर्थ श्रेणी के सभी कर्मचारियों को नियमित रूप से डीपीएफ कटौती की जानकारी देने वाली वार्षिक लेखा पर्ची उपलब्ध कराने के निर्देश भी सभी विभागों के जिला अधिकारियों को दिए गए हैं. संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला ने बताया कि पूर्व में कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए जाने के बावजूद भी पशु चिकित्सा विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को यह सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं हैं जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सहायक ग्रेड-1 सुनील कोहाड़, तथा पशु चिकित्सा विभाग की स्थापना शाखा के सहायक ग्रेड-3 सुधीर बिल्लोरे के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु नोटिस जारी कर 2 दिवस में जवाब चाहा गया है.

# महिला ने कीटनाशक का पीया, मौत

## रक्षाबंधन के दिन हुए विवाद के बाद पत्नी ने की आत्महत्या

**सिवनी, 11 अगस्त. रक्षाबंधन पर्व मनाने के लिए पति अपनी पत्नी को मायके लेकर पहुंचा, लेकिन मायके में पहुंची पत्नी और पति के बीच न जाने ऐसी क्या बात हुई की पति-पत्नी वापस त्यौहार मना कर अपने घर लौटे तभी भुजलिया के दिन पत्नी यशवंती ने कीटनाशक का सेवन कर लिया.**

तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल सिवनी लेकर पहुंचे. जहां उपचार के दौरान यशवंती बाई का निधन हो गया. पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कान्हीवाड़ा थाना अंतर्गत गांव जठलापुर निवासी यशवंती बाई पति दिनेश उइके (42) रक्षाबंधन पर्व मनाने के लिए अपने पति के साथ सुकरता के समीप गोंड़ेगांव गई थी. रक्षाबंधन पर्व मनाने के बाद वे दोनों शाम को घर वापस लौट आए. दूसरे दिन रविवार को भुजलिया के दिन न जाने पति-पत्नी के बीच में क्या विवाद हुआ जिसके चलते यशवंती ने धान में डाले जाने वाली कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया. तबीयत खराब होने पर पति ने पत्नी का इलाज कराने जिला अस्पताल सिवनी लेकर पहुंचा. जहां उपचार के दौरान मौत हो गई.

### पुलिस जांच में जुटी

मृतिका यशवंती बाई की मां कमला बाई ने बताया कि उनकी बेटी ने कीटनाशक जहर का सेवन क्यों किया यह इसकी जानकारी अभी तक नहीं लग पाई है. वहीं मृतिका यशवंती बाई के एक 21 साल का पुत्र योगेश व 17 साल का एक बेटा विक्की और एक बेटी योगिता 19 वर्ष की है. सोमवार को महिला डॉक्टरों की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# पुलिस लाईन के सामने बीच सड़क में बना जानलेवा गड्ढा

**सिंगरौली ,11 अगस्त. जिला मुख्यालय बैढ़न के समीपी पुलिस लाईन पचौर के सड़क में खाईनुमा गड्ढा बड़े दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है. यह सड़क में गड्ढा बिछले पखवाड़े से है, लेकिन नगर निगम इसे नजरअंदाज कर रहा है.**

**गुणवत्ता विहीन सड़क के कार्य का नतीजा, ननि अमला बेखबर**

दरसअल पचौर पुलिस लाईन के सामने सड़क पर एक ताल-तलैया की तरह ऐसा गड्ढा बना गया है, जो वाहनों के लिए खतरा बनता दिख रहा है. आलम यह है कि बारिश के दिन गड्ढों में लबालब पानी भर जाने से छोटे वाहन चालक आये दिन दुर्घटनाग्रस्त होते आ रहे हैं.

जबकि सड़क में यह गड्ढा पिछले एक पखवाड़े से है. लेकिन जानकारी होने के बावजूद नगर निगम सड़क का मरम्मत नही करा रहा है. जबकि यह गड्ढा देखने से ही काफी खतरनाक लग रहा है. यहां के आसपास के रहवासी बताते हैं कि सड़क में उक्त गड्ढा किसे बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है. जानकारी होने के बावजूद नगर निगम सड़क का मरम्मत नही करा रहा है.

# बिना अनुमति मोडिफाइड वाहनों पर कार्रवाई

**दो वाहन जप्त, पांच पर चालानी कार्रवाई**

**रीवा 11, अगस्त. शहर के यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले मोडिफाइड वाहनों के खिलाफ रीवा कलेक्टर के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) ने बड़ी कार्रवाई की है. इस कार्रवाई में दो वाहनों को जप्त किया गया है, और पाँच पर चालानी कार्रवाई की गई जो बिना अनुमति बॉडी परिवर्तन कर आइसक्रीम एवं फास्ट फूड की बिक्री में लगे हुए थे.**




सूचना के अनुसार, सिरमौर चौराहे के निकट तथा कोठी कंपाउंड क्षेत्र में कई मोडिफाइड वाहन लंबे समय से खड़े रहते थे, जिनमें आइसक्रीम व फास्ट फूड का व्यापार किया जाता था. इन वाहनों का बॉडी स्ट्रक्चर मूल निर्माण से परिवर्तित कर दिया गया था, जो कि मोटर यान अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के विपरीत है.इन वाहनों को मुख्य सड़क पर खड़ा कर सामान बेचे जाने से मार्ग संकीर्ण हो जाता था और यातायात में बाधा उत्पन्न होती थी. इससे स्थानीय नागरिकों एवं राहगीरों को लगातार जाम की समस्या झेलनी पड़ रही थी. कलेक्टर के निर्देश पर हुई कार्रवाई.

> यातायात व्यवस्था सुधारने और सड़क पर अतिक्रमण समाप्त करने के लिए कलेक्टर ने आरटीओ को कार्रवाई के निर्देश दिए. निर्देश मिलते ही परिवहन विभाग की टीम ने मौके पर पहुँचकर संबंधित वाहनों की जांच की और कुल सात वाहनों पर कार्यवाही की .क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि इन वाहनों पर मोटर यान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई के साथ-साथ आगे की वैधानिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी. इस तरह के अवैध मोडिफिकेशन व सड़क अतिक्रमण के खिलाफ नियमित कार्रवाई जारी रहेगी.

# पार्षद के घर आधी रात घुसा पांच फीट का मगरमच्छ

**शिवपुरी, 11 अगस्त. जिले के नरवर कस्बे में मोटा महादेव मंदिर के सामने रहने वाले पार्षद कुशवाहा के घर रात करीब 1 बजे 5 फीट लंबा मगरमच्छ घुस आया. इससे पूरे घर में अफरा-तफरी मच गई. परिवार के सदस्य अपनी जान बचाने के लिए घर की छत पर चढ़ गए. उन्होंने तत्काल सर्प मित्र सलमान पठान को सूचना दी.**



सूचना मिलते ही सलमान पठान मौके पर पहुंचे. रात में उचित व्यवस्था न होने के कारण उन्होंने मगरमच्छ को बाथरूम में बंद कर दिया. सुबह होते ही सलमान ने सावधानी से मगरमच्छ को बाहर निकाला. उन्होंने रस्सी से बांधकर तीन पहिया वाहन में डालकर डैम तक ले जाकर सुरक्षित पानी में छोड़ दिया. सलमान पठान ने बताया कि इतने बड़े मगरमच्छ का हमला इंसान के लिए खतरनाक हो सकता है.

**गिरफ्तारी** मध्यप्रदेश के कई जिलों के अलावा महाराष्ट्र में भी कर चुके हैं चोरी

# अंतरराज्यीय चोरों गिरोह से 2 लाख का सामान जब्त

**खंडवा 11, अगस्त. पुलिस ने अंतरराज्यीय दो चोरों को गिरफ्तार किया है. मौका देखते ही ये किसी भी प्रदेश के, किसी भी जिले में चोरी करने से नहीं चूकते थे.**

इन पर मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र के कई जिलों में प्रकरण दर्ज हैं. खंडवा के रामनगर में भी दो चोरियों का पर्दाफाश हुआ है. इनसे सोने चांदी के आभूषणों सहित 2 लाख रुपए का माल भी बरामद हुआ है. चोरी गए सोने के आभूषण स्वप्निल पिता रमेश तिवारी रामनगर एवं शिवराम पिता छीतु अटोदे साईनगर रामनगर ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट की थी कि उनके मकान के ताले तोड़कर कोई चोर घर में रखे सोने चांदी के आभूषण एवं



नगदी चुराकर ले गए. दोनों फरियादियों की रिपोर्ट पर तफ्तीश की गई थी. पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि इस तरह की वारदातों पर सख्ती की गई है. जो चोर पकड़ में आए हैं, वे खतरनाक प्रवृत्ति के हैं. मध्यप्रदेश के कई जिलों के अलावा महाराष्ट्र में भी धावा बोल चुके हैं. ऐसे मुजरिमों को पकड़ने से चोरियों पर लगाम लगेगी.

### आरोपियों तक ऐसे पहुंची पुलिस

इन्हीं आधारों पर पुलिस की टीम आरोपियों के गिरेबान तक पहुंच गई. उन्हें कोतवाली थाने में घसीट लाई. पूछताछ हुई तो साधारण दिखने वाले दोनों आरोपी खतरनाक निकले. बैतूल व सिवनीमालवा के हैं आरोपीगिरफ्तार आरोपी भूरे खान पिता नूर खान, उम्र 40 साल निवासी इन्दिरा कालोनी जिला बैतूल व गोकुल पिता रामधार केवट भीलपुरा थाना सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम है.

**सोने की अंगूठियां व चैन मिलीं** : जप्त सम्मान में चार नग सोने की अंगूठी, एक सोने की चैन एवं घटना के लिए प्रयुक्त एक पल्सर मोटर सायकिल तथा वारदात में इस्तेमाल एक लोहे की टामी, एक लोहे का पेचकश,ग्लब्स एवं टार्च जप्त किया गया. कुल कीमत लगभग 02 लाख रूपए है.

# पीली मोजेक से सोयाबीन बर्बाद

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले के कई गांवों के किसानों द्वारा बोई गई सोयाबीन की फसल इस बार पीले मोजेक की चपेट में आकर बबार्दी की कगार पर पहुंच गई हैं। सोमवार को भारतीय किसान संघ के बैनर तले बोदीना, सैलाना, करिया और आसपास के किसान कलेक्टरेट पहुंचें और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा और फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने की मांग की। किसानों का कहना हे कि बोआई के बाद से ही बारिश में आई अनिमितता और कीटों के प्रकोप के चलते पीले मोजेक ने फसल को बुरी तरह प्रभावित किया हैं। खेतों में पौधे की पत्तियां पीली पड़कर सूख रही है, जिससे दाने बनना बं हो गया हैं। कई जगह 50 से 70 प्रतिशत तक फसल बबार्द होने की आशंका हैं।

### फसल बीमा दावा राशि का वितरण

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में राजस्थान राज्य के झुन्झुनूं मे आयोजित फसल बीमा राशि वितरण कार्यक्रम के वर्चुअल प्रसारण में पूर्व विधायक सैलाना संगीता चारेल, एडीएम डॉ . शालिनी श्रीवास्तव ने अपने उदबोदन में कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के केन्द्र बिन्दु में किसान है । कार्यक्रम के माध्यम से किसानों की फसल क्षति की भरपाई के लिए किसानों के खातो में फसल बीमा राशि का अंतरण किया जा रहा है । सोमवार को जिले के किसानों के खातें में 86.44 करोड रूपये बीमा दावा राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई।

# शातिर चोर गिरफ्तार 12 बोर का कट्टा जब्त



**जबलपुर, 11 अगस्त.** जीआरपी, आरपीएफ ने तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार किए. एक बदमाश से 12 बोर का कट्टा जप्त हुआ जबकि दो अन्य बदमाशों से चोरी के 3 मोबाईल जप्त किये. पकड़े गए आरोपियों में नितिन गौतम उर्फ अंशु पिता विजय शंकर गौतम 20 वर्ष निवासी धनवाही जिला उमरिया, कृष्णा लोनी पिता छोटे लोनी, 20 वर्ष निवासी काईधाम थाना इंदवार जिला उमरिया एवं एक बालक शामिल है. बदमाशों से अन्य अपराधों को लेकर भी पतासाजी कर पूछताछ की जा रही है.